दिनांक-24.10.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए जोन स्तर पर नोडल अधिकारी हुए नियुक्त , आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने कार्य में सरलीकरण करने जोन स्तर पर किया विकेंद्रीकरण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत घटक मोर जमीन मोर मकान योजना के क्रियान्वयन मे सरलीकरण करने तथा कार्य में तेजी लाने के लिए जोन स्तर पर विकेंद्रीकरण कर दिया है तथा प्रत्येक जोन के लिए नोडल अधिकारी की भी नियुक्ति की है! जिसका आदेश आयुक्त महोदय ने जारी कर दिया है! अब मोर जमीन मोर मकान घटक अंतर्गत स्वीकृत पात्र हितग्राहियों के आवास निर्माण प्रारंभ कराने , निर्धारित स्तर पर जियोटैगिंग उपरांत वास्तुविद द्वारा प्रस्तुत हितग्राहियों के देयक भुगतान हेतु नस्तियों का प्रस्तुतीकरण , सुपरविजन इत्यादि कार्य का संपादन एवं क्रियान्वयन जोन स्तर पर किया जाएगा!

मोर जमीन मोर मकान योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु नेहरू नगर जोन के लिए जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1, वैशाली नगर जोन के लिए जोन आयुक्त जोन क्रमांक 2, मदर टैरेसा नगर जोन के लिए जोन आयुक्त जोन क्रमांक 3, खुर्सीपार जोन के लिए जोन आयुक्त जोन क्रमांक 4 तथा रिसाली जोन के लिए जोन आयुक्त जोन क्रमांक 6 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है!इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मोर जमीन मोर मकान के कार्यों में तेजी लाने के लिए कार्यों का विभाजन भी किया गया है

जनसम्पर्क अधिकारी